[Shri Satish Agarwal]

versions) under section 159 of the Customs Act, 1962:—

(i) Notification No. 91-Customs published in Gazette of India dated the 1st May, 1978.

(ii) Notification No. 92-Customs published in Gazette of India dated the 1st May, 1978.

[*Placed in Library. See* No. LT-2218/78].

(2) A copy each of the following Notifications (Hindi and English versions) issued under the Central Excise Rules, 1944:—

(i) Notification No. 113-Central Excise published in Gazette of India dated the 1st May, 1978.

(ii) Notification No. 114-Central Excise published in Gazette of India dated the 1st May, 1978.

(3) An Explanatory Memorandum (Hindi and English versions) in regard to the notifications mentioned at (1) and (2) above. [*Placed in Library. See* No. LT-2218/78].

MR. SPEAKER: Now, Calling Attention. Shri Lakkappa.

SHRI K. LAKKAPPA (Tumkur): Before that I would like to draw your kind attention to the constitutional breakdown in Haryana, which matter I had brought up by way of an Adjournment Motion. Of course you have rejected it, but since the Prime Minister is sitting here, with your permission I would request the Prime Minister to make a statement because there is a serious crisis going on in Haryana. There is absolutely no Government in Haryana and there will be a break-down of the constitutional machinery. The Chief Minister has also met the Governor....

MR. SPEAKER: Now let us come to the Calling Attention.

**12.16 hrs.**

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### Decision of Delhi Milk Scheme to increase the price of tonned milk and double-tonned milk.

SHRI K. LAKKAPPA (Tumkur): I call the attention of the Minister of Agriculture and Irrigation to the following matter of urgent public importance and request that he may make a statement thereon:—

"The reported decision of the Delhi Milk Scheme to increase from 2nd May, 1978 the price of tonned milk from 65 paise to 90 paise per half litre and in the case of double-tonned milk from 35 paise to 45 paise per half litre".

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA): The Delhi Milk Scheme (D.M.S.) was established as a departmental undertaking of the Government of India in November, 1959 to supply Wholesome milk to consumers at reasonable prices and at the same time ensure a reasonable return to the rural milk producers. The Scheme was intended to run on a "no profit no loss" basis. The initials capacity of the Central Dairy was 2.55 lakh litres of milk per day which has since been expanded to 3.75 lakhs litres of liquid milk/day and 0·60 lakh litres of milk/day for production of dairy products. The capital investment in the scheme as on 31-3-1977 was Rs. 426.41 lakhs. The annual turn over for the year 1976-77 was Rs. 18·41 lakhs.

Since its inception in 1959, the DMS has been running at a loss (except during 1969-70 and 1970-71) as indicated below:

| Year | Loss (Rs in lakhs) | Profit |
|---|---|---|
| 1959-61 . . | 5·02 | |
| 1961-62 . . | 4·16 | |

| Year | Loss (Rs. in Lakhs) | Profit |
|---|---|---|
| 1962-63 . . | 10·64 | |
| 1963-64 . . | 23·09 | |
| 1964-65 . . | 97·77 | |
| 1965-66 . . | 39·21 | |
| 1966-67 . . | 14·66 | |
| 1967-68 . . | 146·71 | |
| 1968-69 . . | 76·42 | |
| 1969-70 . . | | 73·34 |
| 1970-71 . . | | 11·23 |
| 1971-72 . . | 66·92 | |
| 1972-73 . . | 83·89 | |
| 1973-74 . . | 221·50 | |
| 1974-75 . . | 414·31 | |
| 1975-76 . . | 576·78 | (Under certifi- |
| 1976-77 . . | 699·45 | cation estima-ted ) |
| | 24 03·45 lakhs | |

The loss for the current year (1977-78) has been estimated to be Rs. 808.60 lakhs.

The selling price of D.M.S. both toned Milk and double toned milk has been revised from time to time. The last revision took place on 5-11-73 when the selling price of tonned milk was fixed at Rs. 1.30 and double toned milk at Rs. 0.70 per litre.

Since 1973, there have been increase in the raw materials such as milk, skimmed milk powder and butter oil. Indeed, the cost of raw materials alone accounts for about 81 per cent of the total cost of production. Additionally, there has been escalation in the prices of petroleum products since 1973 which has also contributed to substantial increases in the cost of processing and distribution of milk by the D.M.S. Due to upward revision of salaries and wages of employees, based on the Pay Commission's recommendations, there have been further increases in the cost of production.



The sale price of toned milk in large cities of Baroda, Calcutta and Madras ranges from Rs. 1.80 to Rs. 1.90 per litre and double toned milk from Rs. 1.26 to Rs. 1.42 per litre.

In order, therefore, to enable the Delhi Milk Scheme to run on a 'no profit no loss' basis, it has become necessary to revise the sale prices of milk as follows w.e.f. 2nd May, 1978:—

(1) Toned milk Rs. 1.80 per litre

(2) Double Tonned milk Rs. 0.90 per litre.

SHRI K. LAKKAPPA: Mr. Speaker, Sir, I have gone through the Minister's statement very carefully. The performance of the Delhi Milk Scheme during the last one year, *i.e.* 1977-78, when its losses are estimated about Rs. 8 crores, indicates how it has been functioning and how efficiently, the Ministry controlling it has been doing its job. This is the performance of the DMS during the last one year under the present Government.

Certain figures have been given by the hon. Minister, and he has given the losses and profits made by DMS right from the year 1959 when it was established. He has stated that the DMS, with the same set-up and the same organization made profit to the tune of Rs. 73.34 lakhs and Rs. 11.23 lakhs in the years 1969-70 and 1970-71. He has, however, not given out reasons for such profits. The reasons for losses having gone up in the various years have also not been given by him in his statement. The estimated loss of Rs. 8 crores in the year 1977-78 creates an impression that DMS is not working properly and in the interest of the consumers and this country.

[Shri K. Lakkappa]

The rise in the price of DMS milk has been resented by the various organizations and recently, the Delhi Corporation has also passed a resolution protesting against this rise. There has been scarcity of milk and maldistribution of milk has been noticed for a long time. The pilferage system has also been operating in connivance with the DMS workers. The so-called expert, Dr. Kurien, who headed the Indian Dairy Corporation, wants to bring parity and uniformity in the rates for DMS and IDC milk. The consumer who is already hard-hit with the rising prices will have to pay more for DMS milk. For the benefit of the hon. Members, I would like to tell them that the pet theory of Dr. Kurian is: uniform rates for DMS and IDC milk which, according to him, will eliminate the malpractices in the DMS milk supply. The DMS procures the milk, which it supplies as toned and doubled-toned milk, through the cooperatives and sometimes from the individuals. The consumers are not paying the prices according to the amount paid for the milk by DMS. They are playing in the hands of the milk suppliers. In addition to that, the distribution of huge quantity of milk powder and other products is not being done properly. The administration is in a dilapidated condition.

MR. SPEAKER: This is not a debate; please come to the question.

SHRI K. LAKKAPPA: He must take notice of all there things and why losses are accummulating. He has not given out any reasons....

MR. SPEAKER: This is merely caliing attention and you can make preliminary remarks.

SHRI K. LAKKAPPA: The organisers are looting money and there are a lot of corrupt practices in the DMS.

MR. SPEAKER: This is not a debate.

SHRI K. LAKKAPPA: Even nutritious milk to babies is not supplied and, therefore how can the consumer be asked to pay more? You are asking him to pay more because of your maladministration and corrupt practices prevailing in this organization? Even the transport cost has not been analysed in a proper manner and even the pilferages have not been set right by the Ministry. Even the total losses have been shown purposefully and added on to the losses. Therefore, the entire organizational set-up, administration and planning and everything is faulty. These are the reasons. I want to know whether the Minister will set right the whole thing, streamline the organization and see that the organization is run on a no-profit-no loss basis. The consumers are protesting and this is a very serious matter and the middle-class and the poor people are not able to get milk at reasonable prices. If you go on increasing the price by 10 paise, 20 paise and 30 paise, it will only impose an additional burden on the middle-class and the poor people and they will not be able to feed their children.

This is the alarming situation. I would like to know whether the Minister knows where the bottlenecks are, where the mal-administration exists, where the corrupt practices are and whether the Ministry will plug the leakages and set right the whole administration instead of taking such harsh measures as raising the prices.

I am also asking a pertinent question. How is it that the same DMS was able to earn profits in the years 1969-70 and 1970-71? I would like to know what are the steps this government is going to take and see that this kind of raising of prices of milk which means hardship to the consumers is not resorted to. Will the Minister kindly consider and reorganize the whole thing and streamline the administration to meet the needs of the consumers and see that the decision of raising the prices is shelved?

SHRI SURJIT SINGH BARNALA: I have given the figures of some of these years to show how the DMS has been functioning. As I have stated, in 1971-72 the loss was Rs. 66 lakhs but within a short period of 6 years that is from 1971—77, it went upto Rs. 7 crores—from Rs. 66 lakhs to Rs. 7 crores and it was due to their administration and we inherited a very poor state of things in DMS and we are trying to improve it.

He asked how in 1969-70 there was some profit and again in 1970-71 there were profits. That was because the prices of milk had been raised. On 22-2-69 the price of standardized milk as also cow's milk was raised from Rs. 1.04 to Rs. 1.16 and the toned milk from Re. 0.74 to Rs. 0.84. Therefore, there was a rise of 10—12 paise in the prices of milk. Again a price-rise took place in 1973, when the price of toned milk was raised from 84 paise to Rs. 1.30 which is continuing till to-day. That is the position.

SHRI K. LAKKAPPA: He has not answered all my questions.

MR. SPEAKER: Are you going to look into the mal-administration there?

SHRI SURJIT SINGH BARNALA: Yes, Sir, in a big way. We are going to improve the conditions in DMS. I am sure we will be able to do it.

SHRI K. LAKKAPPA: He should convince the House how he can do it. Should he not be responsible to this House? He must take the Parliament in a very serious manner. He is responsible to this House. What is the use of bringing this call attention motion? He has not explained properly.

MR. SPEAKER: He has said, 'We are going to take steps to streamline it':

SHRI K. LAKKAPPA: How?

MR. SPEAKER: He cannot give you all the details to-day.

SHRI K. LAKKAPPA: This shows that he is inefficient.

श्री कचरू लाल हमराज जैन (बालाघाट): अध्यक्ष महोदय, दिल्ली दुग्ध योजना भ्रष्टाचार, अनुशासनहीनता, बेईमानी और एक खर्चीला अड्डा बना हुआ है । दिल्ली दुग्ध योजना के बारे में जब से यह योजना बनी तब से संसद में अनेकों बार प्रश्न किए गए लेकिन इसके कार्यकरण को सुधारने के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है । इस योजना में अनेक घटनाएं हुई जैसे कर्मचारी पैसे ले कर चले गये । लेकिन इनको सुधारने के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये । इसके कर्मचारी पैसे ले कर भाग गये हैं, दूध के डिपो पर समय पर दूध की सप्लाई का न होना, और डिपो मैनेजर द्वारा आम जनता से दुर्व्यवहार करना तथा ड्राइवरों द्वारा बोतलों के ढक्कन खोल कर पानी मिला कर उसी तरह पैक करना आदि अनेक ऐसी घटनाएं हैं जिनका अभी तक समाधान नहीं हो पाया है । इससे ऐसा प्रतीत होता है कि इसके पीछे कोई संगठित गिरोह काम कर रहा है । भारत का शासन तो एक वर्ष पूर्व बदला है परन्तु दिल्ली दुग्ध योजना का कार्यकरण पहले की तरह है ।

दिल्ली दुग्ध योजना में मोटी-मोटी तनख्वाह पर सैकड़ों अफसर रखे हुए हैं । इस बात को नोट कर लिया जाए । ऐसे ऐसे लोग मोटी-मोटी तनख्वाहों पर काम कर रहे हैं जिनकी कोई आवश्यकता नहीं है । एक व्यक्ति एक छोटे से काम के लिए जाता है तो महीनों चक्कर काटने पर भी किसी भी ओर से कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिलता । या तो वह मंत्री महोदय की सिफारिश ले जाए या अपने घर पर बैठे । अभी हाल ही में जो दिल्ली दुग्ध योजना ने जो 50 पैसे प्रति लीटर दाम बढ़ाये हैं उसका कोई भी औचित्य

[श्री कचरू लाल हेमराज जैन]

कहीं नहीं बैठता है । इसके पहले दिल्ली दुग्ध योजना अपने अन्य उत्पादों जैसे घी और मक्खन के दाम भी बढ़ा चुकी है परन्तु हमने यह सोचकर कि शायद इनके दाम बढ़ाने की कोई आवश्यकता हो, हमने कोई आवाज नहीं उठाई । लेकिन इस बार दूध के दाम बढ़ा कर इस सरकार ने जन साधारण की अपेक्षा एवं आकांक्षाओं का गला घोंट दिया है ।

पिछली सरकार ने कभी भी एक समय में दूध के मूल्यों में इतनी बढ़ोतरी नहीं की थी । यह बढ़ोतरी कर के हमने जन आक्रोश को निमंत्रण दिया है । एक साधारण सी बात है कि चार-पांच व्यक्तियों के एक परिवार में चार बोतल दूध आने पर उस पर एक रुपया प्रति दिन बोझ बढ़ गया है । यह राशि एक महीने में तीस रुपये हो गई है । अध्यक्ष महोदय, एक ही मद पर तीस रुपये प्रति मास अतिरिक्त खर्च को क्या आप उचित समझते हैं ? क्या सरकार दिल्ली शहर में रहने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों पर आये इस अतिरिक्त खर्च की भरपाई कर पायेगी ? एक ओर हमारे मंत्रिगण संसद में और संसद के बाहर अपने भाषणों में बड़ी-बड़ी दलीलें देते हैं कि आवश्यक वस्तुओं के मूल्य गिर गये हैं या गिराये जा रहे हैं दूसरी ओर दूध के मूल्यों में वृद्धि कर अपने वायदों का उल्लंघन कर रहे हैं ।

सरकार का यह कहना है कि मूल्यों में वृद्धि इसलिए की गई है कि दिल्ली में इसके दाम कम थे । जिस शहर से सरकार इन मूल्यों की तुलना करती है, उस तुलना करने से पहले दिल्ली शहर में रहने वाले गरीब लोगों का जीवन स्तर उस शहर के स्तर के बराबर किया जाए ।

दूध एक आवश्यक वस्तु है । यह कोई ऐसी वस्तु नहीं है कि दाम बढ़ने पर खपत कम कर दें । क्या दाम बढ़ा कर सरकार बच्चों को स्वस्थ नहीं देखना चाहती है ? हमारे देश के बच्चे पहले ही कुपोषण से ग्रस्त हैं । दिल्ली दुग्ध योजना द्वारा दूध के दाम बढ़ाये जाने का असर मुझे पता लगा है कि मदर डेयरी पर भी पड़ रहा है । मुझे मालूम हुआ कि मदर डेयरी भी अपने दूध का दाम दो रुपये से बढ़ा कर ढाई रुपये करने जा रही है ।

मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि इस बढ़ोतरी को वापिस लिया जाए और दूध के मूल्यों को पुराने स्तर पर लाया जाए । यहां मैं एक चेतावनी भी देना चाहता हूं । अगर इस बढ़ोतरी को वापिस नहीं लिया गया तो जैसे मैं दिल्ली में लोगों से मिल रहा हूं वे मुझे बता रहे हैं कि एक ऐसा जन आन्दोलन होगा कि सरकार के लिए स्थिति को सम्भाल पाना कठिन हो जाएगा । मेरी समझ में नहीं आता है कि सरकार क्या कर रही है । कभी दूध के और कभी बसों के किराए वह बढ़ाती जा रही है । आखिर गरीब लोग कहां जाएं । सरकार सब को भोजन दे दे, कपड़ा पहनने के लिए दे दे दवा दारू का सब के लिए इंतजाम कर दे, लोगों की सब जिम्मेदारियां सरकार लेले और उनका सब कुछ छीन ले, क्या वह इसके के लिए तैयार है?

**श्री सुरजीत सिंह बरनाला** : दिल्ली के पास अपना कोई मिल्क शैड नहीं है । दिल्ली में दूध बाहर देहातों से आता है, कुछ राजस्थान से, कुछ उत्तर प्रदेश से, कुछ हरियाणा से और पंजाब आदि से आता है । बाहर से जब दूध आता है तो खर्चा अधिक हो जाता है । दिल्ली में हिन्दुस्तान के सब शहरों से सस्ता दूध मिल रहा था । बम्बई में दूध का भाव 2 रुपये 60 पैसे फी लीटर है । मद्रास में 1 रुपये 80 पैसे । कलकत्ता में 1 रुपया 90 पैसे । सब से सस्ता दूध दिल्ली में मिल रहा था । यह सबडिसाइज्ड

कर के दिया जा रहा था। आठ करोड़ का घाटा हो रहा था।

We have to purchase milk from the growers who live in the country-side of Rajasthan, Punjab, Haryana, etc. दूर दूर से, दो दो सौ मील से दूध दिल्ली के लिए लाया जाता है। किसानों ने वहां कुछ पैसे बढ़ा दिए हैं। दूध इस तरह से थोड़ा महंगा भी आने लगा है। इसलिए ज्यादा खर्च हो रहा है।

**श्री राम विलास पासवान** (हाजीपुर): किसी चीज के दाम बढ़ते हैं या नहीं यह इतना महत्वपूर्ण नहीं है जितनी महत्वपूर्ण नीति की बात है। इसी सदन में डा० राम मनोहर लोहिया ने कई बार कहा था कि सरकार के सामने जितनी समस्यायें आती हैं उनका निदान हो जाए अगर सरकार एक चीज पर अमल करे और वह दाम बांधों की नीति है। यदि सरकार गारंटी कर दे कि आज जिस चीज का जो भाव है साल के अन्त तक उसमें ज्यादा से ज्यादा जो बढ़ोतरी होगी पहले वह एक रुपये के पीछे एक आना कहा करते थे और अब दस पैसे आप कह सकते हैं, उतनी ही होगी उससे अधिक नहीं। सरकारी कर्मचारियों के सम्बन्ध में अभी तर्क दिया गया है कि आपने दूध के दाम तो चालीस पैंतालीस प्रतिशत बढ़ा दिये हैं जब कि उनको आपने भत्ते में ढाई प्रतिशत की ही वृद्धि दी है। इससे जो भी लाभ उनको हुआ है वह सब खत्म हो जाएगा। जब तक आप दाम बांधो नीति के आधार पर नहीं चलेंगे तब तक कुछ भी हासिल नहीं होगा, तब तक लाख आप कर्मचारियों का पैसा बढ़ाते रहें, लोगों के लिविंग स्टैंडर्ड को आप चाहे जितना ऊंचा करते रहें वह सब खत्म हो जाएगा और यह मूल्यों में अनावश्यक वृद्धि होती चली जाएगी।

मैं दो बातें कहना चाहता हूं। प्रशासनिक ढांचा आज वही है जो पहले हुआ करता था। लाख हम उस पर अंकुश लगाते हैं, लाख हम कानून बनाते हैं, लाख जन हित के काम करते हैं लेकिन जो प्रशासनिक ढांचा तीन साल से चला आ रहा है उसमें जंग लग चुका है और उसका नतीजा यह होता है कि सारी जितनी अच्छाइयां हैं वे बुराइयों में परिणत हो जाती हैं। इस वास्ते पहली जरूरत यह है कि इस ढांचे को बदला जाए। उसी के माध्यम से जो गड़बड़ियां हो रही हैं जिसकी झलक हमको अखबारों में दो दिन पहले देखने को मिली थी कि किसी ड्राइवर ने एक दो बोतलों में नहीं तेरह ड्रमों में बहुत अधिक मात्रा में पानी मिला दिया था और उस दूध को कहां जा कर दिया गया था, गरीबों की बस्तियों में जा कर दिया गया था, सब यमुना पार की बस्तियों में, कल्याणपुरी में, खिचड़ीपुर आदि में गरीबों को वह दूध दिया गया था। आप गरीबों को शुद्ध दूध भी नहीं दे सकते हैं। कहने के लिए ही यह दूध है, सारी चीज उसमें से निकाल ली जाती है। जिसको आप डबल टोंड कहते हैं वह सारा पाउडर से बनाया गया दूध होता है। उसके बावजूद भी उसमें पानी मिला दिया जाए तो मैं समझता हूं कि इससे ज्यादा भयंकर स्थिति इस देश की दूसरी नहीं हो सकती है। इससे ज्यादा चिन्ता की बात नहीं हो सकती है जहां हमको खाने के लिये ठीक चीज नहीं मिलती है। आप पैसा बढ़ा दें, लेकिन इस बात की तो कम से कम गारन्टी दीजिये कि लोगों को शुद्ध चीज मिलेगी।

दूसरी बात यह कि जो दाम बढ़े हैं और जो देश की आबादी है, इसके सम्बन्ध में डा० लोहिया ने कहा था कि हिन्दुस्तान में तीन आना रोज पर लोग गुजर करते हैं, उन्हें भी कभी दूध नसीब होगा कि नहीं? आप दूध बढ़ा रहे हैं हमें इस बात की खुशी है, जब एम०पीज० पर सीधा प्रहार होता है तो हम लोग काफ़ी चिल्लाते हैं, क्योंकि दूध हम लोगों को भी चाहिये, लेकिन दूध चीज ऐसी है जिसकी सब को आवश्यकता पड़ती है, तो मैं जानना चाहता हूं कि क्या गरीब को भी कभी

[श्री राम विलास पासवान]

दूध नसीब होगा कि नहीं।. . . (व्यवधान) जो दूध के दाम हैं वह इस प्रकार से बढ़े हैं कि उससे गरीब को कभी दूध नसीब नहीं होगा। इसलिये मैं जानना चाहता हूं कि जो गरीब लोग हैं वह लोग भी शुद्ध दूध पा सकें उसके लिये सरकार की कोई योजना है?

दूसरी बात यह है कि जो डी०एम०एस० में प्रशासन में लगे हुए लोग हैं उनके ऊपर कितना खर्चा है सरकार का? और जिससे दूध लिया जाता है उसको कितना पेमेन्ट किया जाता है?

**श्री सुरजीत सिंह बरनाला** : कुछ पिछले सालों में दूध के दाम बढ़े हैं, लेकिन दिल्ली में जो दूध दिया जा रहा था, 1973 से उस वक्त जो दाम मुकर्रर हुए थे 1 रु० 30 पैसे लिटर, तब से वही दाम चले आ रहे थे। लेकिन दूध के दाम कैसे बढ़े, मैं बताता हूं। 1973 में रा मिल्क, कच्चे दूध की कीमत जो थी वह 129 रु० थी, आज 1977 में 186 या 185 रु० हो गई है। इसलिये परसेंटेज इन्क्रीज़ हो गया है 45 per cent increase over 1973. Similarly, the price of one tonne of SMP was Rs. 8,300 in 1973; in 1977 it was Rs. 12,780 जिसका मतलब यह है कि 59 परसेंट उसमें भी वृद्धि हो गई। इतनी वृद्धि रा-मिल्क, कच्चे दूध में और एस०एम०पी० वगैरह में हो गई है, और उसके मुकाबले में जो आज बढ़ाया गया है यह कुछ बहुत ज्यादा नहीं है।

जैसा आपने कहा कि दूध में पानी मिला दिया तो हमारी तो यही कोशिश रहती है कि सील कर के दूध भेजा जाय, बोतल में भी और कैन में भी। अगर उसके बाद भी कोई मिलाता है तो जब भी ऐसी बात हमारी नोटिस में आयी या आयेगी तो हम उनको सजा देने के लिये तैयार हैं।

**श्री मनीराम बागड़ी** (मथुरा) : अध्यक्ष जी, मेरा पौइंट आफ़ आर्डर है। हमारे मोहतरिम साथी ने यह सवाल उठाया था कि किस दाम पर दूध खरीदा जा रहा है और जो दूध पैदा करने वाला है उसको कितना पैसा मिलता है।. . . (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय** : आपका पॉइंट आफ़ आर्डर क्या है?

**श्री मनीराम बागड़ी** : दो बुनियादी सवाल थे। एक यह था कि जो गरीब लोग गंदी बस्तियों में रहते हैं क्या उनके साथ कोई ऐसा व्यवहार होगा ताकि उनको सस्ते दर पर या पुराने दर पर दूध दिया जाएगा? इसका कोई जवाब नहीं आया।

**श्री सुरजीत सिंह बरनाला** : जो प्राइस हमने फिक्स की है वह सभी के लिये है। डबल टोन्ड 90 पैसे प्रति लिटर है।

MR. SPEAKER: You are speaking about the cost aspect; they are speaking about the effect on the poor man.

SHRI SURJIT SINGH BARNALA: The double toned milk prices have been increased by 20 paise only and the toned milk prices have been increased by 50 paise. It was probably because the double toned milk goes to the poor people. The prices that we buy at I have already mentioned. The price of raw milk now is Rs. 185 per quintal from U.P. with 35 paise per litre overhead charges. (*Interruptions*).

MR. SPEAKER: I do not know why everybody raises a debate on this?

SHRI SURJIT SINGH BARNALA: From Rajasthan, we get it at Rs. 175 per quintal and the transportation cost works out to Rs. 17.0. The overhead charges comes to about 4.2 per cent.

(*Interruptions*)

SHRI AMRIT NAHATA (Pali): The milk that they buy at Rs. 1.85 per litre has got 4 per cent fat content. They are selling this very milk at Rs. 3.0 per litre.

SHRI KANWAR LAL GUPTA (Delhi Sadar): What is the fat content in the milk that you supply to the people?

MR. SPEAKER: You kindly follow the rule. This is a Calling Attention. How do you come into the picture? I cannot understand this.

*(Interruptions)*

**श्री राम विलास पासवान** : अध्यक्ष महोदय, मेरे प्रश्न का जवाब नहीं आया है। **(व्यवधान)**

MR. SPEAKER: He has given the cost aspect. He has said that he is going to look into the matter.

**श्री राम सेवक हजारी** (रोसड़ा) : अध्यक्ष महोदय, जब यह दूध 25 पैसे का मिलता था, तो उस समय उसमें टोटल फ़ैट का 70 परसेंट फ़ैट था। जब वह 35 पैसे का था, तो उस समय उसमें टोटल फ़ैट का 40 परसेंट फ़ैट था। जब वह 45 पैसे का था, तो फ़ैट 30 परसेंट, 53 पैसे दाम होने पर फ़ैट 10 परसेंट और अब जबकि 65 पैसे ले रहे हैं, तो उसमें टोटल फ़ैट का 6 परसेंट फ़ैट है। मैं यह जानना चाहता हूं कि यह जो बटर या मक्खन बचता है, उसका मुनाफ़ा कहां जाता है। मैं साफ़ तौर पर कहना चाहता हूं कि यह दिल्ली मिल्क स्कीम पिछली सरकार के लाड़लों की चरागाह बनी हुई थी। लेकिन दाम के बारे में उस समय जो छलांग लगाई गई थी, कृषि मंत्री की छलांग उससे भी लम्बी है—एक ही दफ़ा 25 पैसे की वृद्धि कर दी गई है, जबकि पहले सिर्फ़ 5, 10 पैसे की वृद्धि की जाती थी।

जब सरकार इस दूध के दाम बढ़ाती है, तो वह पैसा किसानों को मिलना चाहिए, जो मवेशियों को पालते हैं। लेकिन सरकार उनको अधिक दाम नहीं देती है। राजस्थान में हम देख रहे हैं कि किसान को 84 पैसे और 1.30 रुपये दिये जाते हैं, लेकिन जो दूध 1.30 रुपये में ख़रीदा जाता है, उसमें पानी और पाउडर मिला कर जो दूध बनाया जाता है, वह 2.60 रुपये में बेचा जाता है। हमने अपनी आंखों से देखा है कि यह जो दूध बनाया जाता है, उसमें पानी मिलाया जाता है।

हम एक बार डी०एम०एस० को देखने के लिये गये थे। वहां के कर्मचारियों ने स्ट्राइक करने की इच्छा व्यक्त की थी। अधिकारियों ने हम लोगों को इस तरह से अपने घेरे में रखा कि हमें कर्मचारियों से बात भी नहीं करने दी। बाद में कर्मचारियों ने हमें बताया कि उन लोगों को दबाया जाता है, ताकि वहां जो भी गोल-माल होता है, पानी मिलाया जाता है, वह बात बाहर न खुल सके। मंत्री महोदय इसकी जांच करायें। यह जो कीमत बढ़ाई गई है, उतनी कीमत नहीं बढ़ानी चाहिए। सरकार जितनी कीमत बढ़ाती है, उसी हिसाब से किसानों को भी ज्यादा दाम मिलना चाहिए, जो कि मवेशी पालते हैं।

जहां से दूध लिया जाता है, वहां से दूध रोड टैंकर्ज में यहां लाया जाता है, जिसमें ज्यादा खर्चा पड़ता है। इसका फ़ायदा मवेशी पालने वाले किसानों को नहीं मिल रहा है। सिर्फ़ यातायात पर ज्यादा खर्च किया जा रहा है। अगर यह दूध रेल टैंकर्ज से लाया जाये, तो कम खर्चा पड़ेगा और सरकार इसी कीमत पर लोगों को दूध सप्लाई कर सकती है, कीमत बढ़ाने की आवश्यकता नहीं होगी। और जो अभी आप कीमत दे रहे हैं उसकी उचित जांच कराकर किसानों को सही कीमत मिल सके इसके बारे में आप क्या व्यवस्था कर रहे हैं?

MR. SPEAKER: You now know the feelings of the House; would you not like to reconsider the matter?

SHRI SURJIT SINGH BARNALA: No, Sir; I have very clearly stated that formerly we were purchasing milk with fat content of 26 per cent and 24 per cent. I do not have any milk with 24 per cent fat content; we are getting now milk with 6.5 per cent fat content from various States and cow's milk is only 4.2 per cent fat content. About the working of the D.M.S. I am saying that I am looking into that, taking personal interest and trying to find out the problems, wherever they are.... (*Interruptions*) They were losing Rs. 7 crores per year; we have inherited it from them and we are trying to improve the position.... (*Interruptions*)

SHRI VASANT SATHE (Akola): At least during summer, step ice cream, khoya, mithai, etc. At least do this in summer. Why dont they do it?.... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: This is not a debate. Now, statement by the Minister.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: It is a matter of exceptional importance.

MR. SPEAKER: We have taken up the other business now The hon. Minister.

STATEMENT RE. CORRECTION OF CERTAIN INFORMATION GIVEN BY THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION ON 25TH APRIL, 1978

**12.50 hrs.**

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA): In reply to a Question by Shri Vasant Sathe, M.P., during the discussions on Demands for Grants of the Ministry of Agriculture and Irrigation on the 25th April, 1978, I had mentioned that

> "For M. Sc. Agriculture classes only a groduate who has done B. Sc. Agriculture is eligible; nobody else can go in for that. Similarly, for Ph. D. in Agriculture only those who have done M .Sc. in Agriculture can apply".

After ascertaining the facts, I regret to say that the correct position is slightly different. I have, therefore, to clarify that for M. Sc. in Agriculture (Agronomy, Horticulture and Agricultural Extension) only B. Sc. (Agriculture) graduates are admitted at IARI. In other disciplines, non-agricultural graduates from cognate branches of Natural and Social Sciences are eligible, though in practice most of the students admitted are agricultural graduates. For Ph. D. the actual intake of non-agricultural graduates is even smaller. The question of restricting the eligibility to agricultural graduates for admission to M. Sc. and Ph. D. at IARI is under consideration of the ICAR.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: (Delhi Sadar): On a point of order. My submission is that we are elected by four lakhs of people.

MR. SPEAKER: What is the point of order.

SHRI KARWAR LAL GUPTA Unless you allow us to air the feelings of the people here.... (*Interruptions*) I know the rules.

MR. SPEAKER: You have to follow the rules.

SHRI KARWAR LAL GUPTA 377 is there. You can permit me to air the feeling of the people on that matter.... (*Interruptions*) Why have I been elected here, if I am not allowed to speak?